पाठ- 2 किरण मजूमदार शॉ
प्रस्तावना, आदर्श पठन

SESSION : 1
CLASS : V
SUBJECT : HINDI
CHAPTER NUMBER:02
CHAPTER NAME : किरण मजूमदार शॉ
SUBTOPIC : प्रस्तावना, आदर्श पठन

CHANGING YOUR TOMORROW

शिक्षण उद्देश्य

महान भारतीय नारियों के बारे में बताना तथा निरंतर प्रयास के लिए प्रेरित करना ।

ODM
PUBLIC SCHOOL

ODM
PUBLIC SCHOOL

पाठ-2 किरण मजूमदार शॉ (प्रेरणा स्रोत)

चिंतन-मनन

मनुष्य जिस चीज़ को पाना चाहता है, उसके लिए वह निरंतर प्रयास करता रहता है। यदि थककर बीच में अपना विचार न बदले तो उसे अवश्य प्राप्त कर लेता है। सदैव प्रयत्नशील रहना चाहिए।

एक समाज कितना सभ्य, सुसंस्कृत और उन्नत है, इसका अंदाज़ा उस समाज में नारी की स्थिति से लगाया जा सकता है। प्राचीन काल से ही नारी अनंत गुणों का भंडार रही है। महारानी लक्ष्मीबाई, चाँदबीबी, दुर्गावती, चेन्नमा ने नारी समाज के सामने कई आदर्श प्रस्तुत किए। स्वतंत्रता सेनानियों के कंधे-से-कंधा मिलाकर स्वतंत्रता संग्राम को सफल बनाने में अरुणा आसफ़ अली, विजयलक्ष्मी पंडित, सरोजिनी नायडू जैसी महिलाओं ने योगदान दिया।

ODM PUBLIC SCHOOL

नारी महानता की परंपरा आज भी जारी है। श्रीमती प्रतिभा पाटिल भारत की प्रथम महिला राष्ट्रपति बनीं। भारतीय पुलिस सेवा (आई०पी०एस) की अधिकारी श्रीमती किरण बेदी 'मैगसेसे पुरस्कार' से सम्मानित हुई हैं। इसके अतिरिक्त दिल्ली उच्च न्यायालय की न्यायाधीश लीला सेठ, केरल हाईकोर्ट की न्यायाधीश अन्नाचेंडी का नाम सदैव याद रहेगा। इसी प्रकार 'बायोटैक क्षेत्र' में नाम कमाने वाली भारतीय महिला श्रीमती किरण मजुमदार शॉ की सफलता की गाथा भी उल्लेखनीय है।

किरण मजुमदार का जन्म 1953 में बंगलूरू में हुआ। 1973 में प्राणी विज्ञान में स्नातक की उपाधि ग्रहण करने के बाद उच्च शिक्षा हेतु वे ऑस्ट्रेलिया गईं। वहाँ से आने के बाद उन्होंने 'बायोकॉन' नामक कंपनी की स्थापना की। 'बायो-टैक्नोलॉजी' से जुड़ी यह पहली कंपनी थी।

किरण मजुमदार का कार्य इतना सराहनीय था कि अमेरिका के अखबार 'न्यूयॉर्क टाइम्स' ने उन्हें 'आविष्कार की भारतीय जननी' कहा।

एक सफल व्यवसायी होने के साथ-साथ किरण मजुमदार सामाजिक कार्यकत्री भी हैं। उन्हें उनकी उपलब्धियों के लिए अनेक पुरस्कारों से सम्मानित किया गया है। 'एम०वी० मैमोरियल अवॉर्ड', भारतीय चेंबर ऑफ़ कॉमर्स से 'लाइफ़ टाइम एचीवमेंट अवॉर्ड', 'पद्मश्री' तथा 'पद्मभूषण' पुरस्कारों से भी वे सम्मानित हुई हैं। किरण मजुमदार शॉ ने देश की महिलाओं के समक्ष एक आदर्श प्रस्तुत किया है। ये आधुनिक युवा पीढ़ी की प्रेरणा स्रोत हैं।

ODM PUBLIC SCHOOL
SCHOOL OF HUMAN EXCELLENCE

शिक्षण प्रतिफल

महान नारियों की जीवनियों से प्रेरणा लेना तथा जीवन में अपने लक्ष्य को पूरा करने के लिए प्रयास करना।

THANKING YOU

ODM EDUCATIONAL GROUP